आकाशवाणी मध्यप्रदेष
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 03.02.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में रेल संरचना विकास के लिए बजट में करीब 15 हजार करोड़ रूपये मिले।
- मुख्यमंत्री ने आज पर भोपाल में दत्तोपन्त ठेंगड़ी शोध संस्थान के नवीन भवन का भूमिपूजन किया।
- भोपाल में 24 और 25 फरवरी को होने जा रहे ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के तैयारियां जारी।
- नर्मदा जयंती कल, प्रदेश में विशेष कार्यक्रमों आयोजन, मुख्यमंत्री कल नर्मदापुरम में होंगे शामिल।

रेल मंत्री मध्य प्रदेश

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि रेल बजट 2025-26 में मध्य प्रदेश को रेल अवसंरचना के विकास के लिए अभूतपूर्व सौगातें दी गई हैं। इस बजट में कुल 14 हजार ,745 करोड़ रुपयों का र आवंटन किया गया है। रेल बजट के तहत राज्य में 31 नई रेल परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिनकी कुल लंबाई 5,869 किलोमीटर है और इन पर 1 लाख 04,हजार 987 करोड़ रुपयों का निवेश प्रस्तावित है। इसके साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए प्रदेश के 80 स्टेशनों को 'अमृत स्टेशन' के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिन पर कुल 2,708 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

राज्य में रेलवे सुरक्षा के लिहाज से भी महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। 'कवच' तकनीक के अंतर्गत 3,572 किलोमीटर रेल मार्ग पर सुरक्षा कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 1,422 किलोमीटर पर कार्य प्रगति पर है। प्रदेश में विद्युतीकरण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की गई है। राज्य में 2,808 किलोमीटर रेल मार्ग का विद्युतीकरण पूरा किया जा चुका है, जिससे मध्य प्रदेश 100 प्रतिशत विद्युतीकृत राज्य बन चुका है। इसके अलावा, राज्य में 2,456 किलोमीटर नई पटरियों का निर्माण किया गया है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी ने आज बसंत पंचमी के मौके पर भोपाल में दत्तोपन्त ठेंगड़ी शोध संस्थान के नवीन भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पौधरोपण और राष्ट्रीय शोधार्थी समागम पोस्टर का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार एवं अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस मौक़े पर सीएम डॉ मोहन यादव ने कहा कि सत्य

है कि शोध से ज्ञान केवल संरक्षित नहीं होता है, अपितु मानव कल्याण के दीप को भी दीर्घ काल के लिए प्रदीप्त कर देता है।

उपमुख्यमंत्री प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आज उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने संसद भवन नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने ऐतिहासिक, सर्व समावेशी एवं लोक कल्याणकारी बजट के लिये आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी से राज्य के विकास के विभिन्न विषयों में मार्गदर्शन प्राप्त किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का मार्गदर्शन सदैव प्रेरणादायक होता है। श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी से मध्यप्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की और मार्गदर्शन प्राप्त किया।

प्रधानमंत्री- टंडन ग्रैमी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज संगीतकार चंद्रिका टंडन को उनके म्यूजिक एल्बम त्रिवेणी के लिए ग्रैमी पुरस्कार मिलने पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में, भारतीय संस्कृति के प्रति उनका प्रेम और एक उद्यमी, परोपकारी और संगीतकार के रूप में उनकी उपलब्धियों की सराहना की। उन्होने संगीतकार चंद्रिका टंडन को लोगों के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

भोपाल शायर प्रधानमंत्री

भोपाल के शायर अंजुम बाराबंकवी द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम को लेकर लिखी गई गजल की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तारीफ की है। शायर अंजुम बाराबंकवी ने' डर लगता हैं मगर पास है दशरथ नंदन' शीर्षक गजल लिखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजी थी । यह गजल प्रधानमंत्री श्री मोदी पसंद आई। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने पत्र लिखकर भोपाल के शायर की तारीफ की है। प्रधानमंत्री द्वारा शायर की तारीफ़ में लिखे गए पत्र में श्री मोदी ने शायर की भगवान श्री राम के प्रति भावनाओं को सराहनीय बताया और लिखा कि आप जैसे देशवासियों की ओर से किया जा रहे प्रयास राष्ट्र को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएंगे। शायर अंजुम ने कहा है कि मेरे जीवन पर राम का बड़ा प्रभाव है। इसलिए राम पर गजल लिखी है ओर आगे भी लिखेंगे।

ग्लोबल समिट

भोपाल में 24 और 25 फरवरी को होने जा रहे ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के तैयारियां की जा रही है।  इसके लिए सड़कों की मरम्मत, दीवारों पर चित्रकारी के साथ सफाई

का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। समिट में भारत के प्रमुख उद्योगपती शामिल होंगे। साथ ही जापान, स्पेन और अन्य देशों से विदेशी निवेशक भी आएंगे। भोपाल शहर की सभी सरकारी और हैरिटेज इमारतों पर लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है। इस संबंध में भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर अपनी तैयारी में जुटा हुआ है।

नर्मदा जयंती

नर्मदा जयंती के अवसर पर कल प्रदेश में नर्मदा तटों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नर्मदापुरम में मां नर्मदा का प्रकटोत्सव आज से मनाया जा रहा है। कल सेठानी घाट पर जलमंच पर कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव मां नर्मदा का पूजन-अभिषेक करेंगे। खण्डवा में कल ओंकारेश्वर में नर्मदा स्नान एवं दर्शन हेतु एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसको देखते हुए कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने खण्डवा इन्दौर मार्ग को भारी वाहनों के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। आदेश आज शाम 7 बजे से 4 फरवरी की रात्रि 12 बजे तक प्रभावी रहेगा। खरगोन जिले में मण्डलेश्वर में रामघाट पर निर्झरणी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी।

देवास जिले के नेमावर में भी उत्सव को लेकर तैयारियां जारी है। जबलपुर में आज गौरीघाट, तिलवारा घाट, भेड़ाघाट, सरस्वती घाट और नर्मदा के अन्य तटों सहित शहर में विविध धार्मिक आयोजन किए जा रहे है। शहर में करीब 100 से अधिक स्थानों पर मां नर्मदा की प्रतिमाएं विराजित की गईं हैं।

पीएम इंटर्नशिप योजना

सरकार ने बताया है कि तीन अक्टूबर 2024 को शुरू होने के बाद से अब तक पीएम इंटर्नशिप योजना के लिए देशभर से छह लाख से अधिक आवेदन मिले हैं। लोकसभा में आज एक लिखित उत्तर में कॉरपोरेट कार्य राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने बताया कि इस योजना को लेकर लोगों में ज़बरदस्त उत्साह है। उन्होंने कहा कि पायलट योजना के अंतर्गत अब तक भागीदार कंपनियों ने एक लाख सत्ताईस हज़ार से ज़्यादा इंटर्नशिप प्रदान की हैं। श्री मल्होत्रा ने बताया कि पहले चरण में इन कंपनियों ने अस्सी हज़ार से अधिक की इंटर्नशिप की पेशकश की जिनमें से 28 हज़ार से अधिक उम्मीदवारों ने इसे स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि योजना का दूसरा

चरण इस वर्ष नौ जनवरी को शुरू हुआ था और कंपनियाँ में नये  इंटर्नशिप अवसरों को सूचित करने की प्रक्रिया चल रही है।

दिल्ली - चुनाव प्रचार

दिल्ली में पांच फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार आज शाम थम गया। प्रचार के अंतिम दिन आज भाजपा, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस समेत विभिन्न दलों के नेताओं और निर्दलीय उम्मीदवारों ने मतदातों को रिझाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंकी। हमारे संवाददाता ने बताया कि राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारको ने पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में रोड-शो, जनसभाओं के अलावा घर-घर जाकर जनसंपर्क किया।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जंगपुरा, बिजवासन और द्वारका में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभााओं को संबोधित किया।

समाचार संक्षेप में .....

- अनूपपुर के प्रभारी मंत्री  दिलीप अहिरवार ने आज अमरकंटक नर्मदा महोत्सव में विभिन्न प्रदर्शनी एवं उत्पाद विक्रय स्टॉल का निरीक्षण किया।
- बसंत पंचमी के मौके पर आज आगरमालवा जिले में भी मंदिरों और घरों में लोगों ने माँ सरस्वती की विशेष हवन, पूजा अर्चना की।
- गुना कलेक्टर द्वारा आज समय–सीमा पत्रों की बिंदुवार समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्युक दिशा–निर्देश दिये।
- सीहोर के  इछावर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह और निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह सम्मेलन में प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।
- नीमच में 4 व 5 फरवरी  को शासकीय आईटीआई डूंगलावदा नीमच में मेगा प्लेहसमेंट ड्राईव  आयोजित किया जा रहा हैं।
- महाराजा भोज स्मृति बसंतोत्सव समिति धार के तत्वाधान में आज बसंत पंचमी से पारम्परिक रूप से आयोजित होने वाले चार दिवसीय भोज महोत्सव की शुरुआत हुई।
- शहडोल में कचरे का समुचित निष्पादन करने के लिए 3  करोड़ रुपए की लागत से ट्रेचिंग ग्राउंड का विस्तार किया जाएगा।

.................................